हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 3 दिसंबर 2025

04 स्कूल के बाहर खड़े होकर चॉकलेट दिखाकर...



07 द्विवेदी ने शासकीय सेवा के साथ समाज सेवा के...





**सड़कों के हाल : एक घंटे बाजार में घूम लो तो कपड़ों, बालों और पलकों पर जम जाती है धूल की परत**

# एक करोड़ की विधायक निधि से शहर की 9 सड़कों के निर्माण के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी हुई

**15-15 दिन करके एक साल बीत गया**

शहर की जनता 4 साल से सड़कों के निर्माण की बाट जोह रही है और पिछले 2 सालों से सड़कों पर बेतहाशा धूल उड़ रही है। स्थिति अब यहां तक पहुंच चुकी है कि एक घंटे कोई बाइक सवार शहर की सड़कों पर घूम ले तो कपड़े, बाल और पलकों पर धूल की परत चढ़ जाती है। बिना चश्मे तो रह ही नहीं सकते। आंखों में धूल के कड़ और कंकर घुस जाते हैं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

शहर की मुख्य सड़कें सीसी की बनें या डामर की हों इस पेंच में शहर की सड़कों का निर्माण उलझकर रह गया है। पूरा एक साल बीत चुका है। शहर की मुख्य सड़क का सीसी निर्माण होने के बाद व्यापारियों ने विरोध किया तो सड़क निर्माण रुक गया। इसके बाद से आज तक सड़क निर्माण की कोई उम्मीद दिखाई नहीं दे रही है। शहर की सड़कों का निर्माण न होने की बात चौराहों पर चर्चा बन चुकी है। इतना ही नहीं लोग खराब सड़कों के कारण इतने परेशान हैं कि सोशल मीडिया चलाने वाले युवा शहर की खराब सड़कों पर जगह जगह वीडियो बनाकर अपने अंदाज में सोशल मीडिया पर शेयर कर विदिशा शहर की सड़कों के निर्माण की मांग कर रहे हैं तो कुछ कटाक्ष कर रहे हैं। अधिकारी पिछले एक साल से बयान दे रहे हैं कि 15 दिन में काम शुरू हो जाएगा। ऐसा कहते- कहते पूरा एक साल बीत चुका है।

## पीडब्ल्यूडी की सड़कों का कब होगा निर्माण, अफसर नहीं दे पा रहे जवाब



विदिशा। शहर की कई प्रमुख सड़कों से डामर गायब हो चुका है।

रेलवे स्टेशन माधवगंज चौक, मुख्य मार्ग से पेढ़ी स्कूल, चाणक्य मार्ग से बजरिया झांकी चौक, शिवाजी चौक तक 2.30 किमी लंबी सड़क का निर्माण अटका हुआ है। इसके बाद पूरनपुरा गली नंबर 5 से अहमदपुर मार्ग लंबाई 1.50 किमी, दूसरी सड़क कागदीपुरा से अस्पताल बाया गुरुद्वारा बाल विहार चौक तक लंबाई 1.40 किमी, तीसरी सड़क माधवगंज, अस्पताल मार्ग, रविशंकर चौराह, नीमताल चौक, मयूर ऑफिस से बढ़ा बाजार तक लंबाई 1.10 किमी की सड़क शामिल हैं। तीनों सड़कों की लंबाई 5 किमी हैं यह सड़कें शहर की प्रमुख सड़कों में शामिल हैं। इसके बाद रामलीला से गल्ला मंडी बाया बजरिया चौक तक लंबाई 1.80 किमी, दूसरी सड़क एनएच 88 से करैया खेड़ा तक लंबाई 2.40 किमी और तीसरी सड़क किरी मोहल्ला से बरईपुरा तक लंबाई 1.20 किमी शामिल हैं। वहीं नगरपालका के सभी 39 वार्डों में कोई न कोई सड़क इस हद तक खराब हो चुकी है कि वाहन चलाना खतरे से खाली नहीं है।

### गड्ढे भरने डाली चूरी धूल बनकर उड़ रही

शहर की कई सड़कों के गड्ढे भरने के लिए बारिश के बाद पर हुए गड्ढों को भरने के लिए डाली गई चूरी धूल बनकर इसकदर उड़ रही है कि एक घंटे के लिए सड़क किनारे बाइक या कार खड़ी कर दो धूल ही धूल जम जाती है। शहर के लोगों की मांग है कि जल्द से जल्द सड़कों का निर्माण शुरू किया जाए, जिससे जनता को राहत मिल सके। खराब सड़कों के कारण कई हादसे भी हो चुके हैं। विधायक मुकेश टंडन ने एक करोड़ रुपए की राशि नगरपालिका क्षेत्र की सड़कों को दुरुस्त करने के लिए दी जिससे शहर के लोगों को उम्मीद जगी है कि अब जल्द ही सड़कों का निर्माण होगा और लोगों को राहत मिलेगी।

**13 सड़कों के टेंडर**

विधायक निधि से 9 सड़क सहित 13 सड़कों के टेंडर लगाए जा चुके हैं। टेंडर खुलते ही नगरपालिका क्षेत्र की सड़कों का निर्माण शुरू करा दिया जाएगा। इस पूरी प्रक्रिया में करीब एक महीने का समय लगेगा। - **दुर्गेश सिंह ठाकुर** सीएमओ नगरपालिका विदिशा।

### चार साल से नहीं हुआ सड़कों का निर्माण

शहर में नगर पालिका ने 4 सालों से सड़कों का निर्माण नहीं कराया है। इसके चलते अधिकतर सड़कें खराब स्थिति में हैं। जुलाई में शासन से 6 करोड़ 63 लाख 82 हजार रुपए की लागत वाली 10 सड़कों को स्वीकृत किया गया। इसके बाद पीडब्ल्यूडी द्वारा टेंडर प्रक्रिया पूरी करके एजेंसी स्वीकृति के लिए शासन को भेज दिया गया। लेकिन सड़कों की फाइल शासन स्तर पर रुकी पड़ी है। जिस कारण वर्क आर्डर जारी नहीं सके हैं। एक साल पहले खरीफाटक से माधवगंज होते हुए बढ़ा बाजार, बजरिया से रामलीला परिसर तक डामर सड़क का निर्माण शुरू हो गया था। लेकिन तत्कालीन कलेक्टर को घटिया निर्माण की शिकायत कर दी गई। इसके बाद निर्माण रुक गया। उसके बाद सीसी सड़कें बनाए जाने की बात चलीं। लेकिन स्वीकृति के लिए फाइलें पेंडिंग हैं।

**खबर संक्षेप**

### एसआईआर की समय सीमा बढ़ाई गई

**विदिशा।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर 2026) हेतु पूर्व जारी कार्यक्रम में निर्वाचन आयोग द्वारा समय सीमा बढाई गई है नवीन जारी कार्यक्रम के अनुसार अब गणना पत्रक भरने की अंतिम तिथि 11 दिसम्बर प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन 16 दिसम्बर को किया जाएगा और इसी दिन मंगलवार 16 दिसंबर से दावा आपत्तियां प्राप्ति का कार्य शुरू हो जाएगा जिसकी अंतिम तिथि गुरूवार 15 जनवरी नियत की गई है। दस्तावेंजो का सत्यापन कार्य 16 दिसम्बर से सात फरवरी तक किया जाएगा और मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 14 फरवरी को किया जाएगा।

### जिला जेल विदिशा में गीता पाठ व प्रवचन

**विदिशा।** गीता जयंती के अवसर पर जिला जेल विदिशा में गीता पाठ व प्रवचन का आयोजन किया गया। गायत्री प्रज्ञा पीठ के ट्रस्टी मुकेश श्रीवास्तव ने कैदियों को गीता के ज्ञान को आत्मसात कर आपराधिक प्रवृत्तियों से दूर रहने की प्रेरणा दी। उन्होंने मनोविकारों, काम, क्रोध, लोभ, मोह व अहंकार को मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु बताते हुए ईश्वर पर आस्था रखने का संदेश दिया। विदिशा के भजन गायक प्रदीप जैन पारस ने भजनों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम के अंत में जेल अधीक्षक प्रियदर्शन श्रीवास्तव ने गायत्री परिवार का आभार व्यक्त करते हुए कैदियों से गीता के उपदेश को जीवन में अपनाने की अपील की।

### 129 आवेदन आए 68 का मौके पर निराकरण

**विदिशा।** मंगलवार को जनसुनवाई में कुल 129 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 68 का मौके पर ही निराकरण किया गया। शेष लंबित आवेदनों पर निर्धारित समय सीमा में आवश्यक कार्यवाही कर पोर्टल पर अद्यतन दर्ज करने के निर्देश संबंधित विभागों को दिए गए। कलेक्टर ने विभागों में लंबित प्रकरणों की प्रगति की समीक्षा कर अधिकारियों को तत्परता से समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश भी प्रदान किए।

### शिकायतः किसान के टोकन पर कोई और उठा ले गया खाद

**विदिशा।** सतपाड़ा समिति के गोलना निवासी किसान त्रिपाल सिंह ने मंगलवार को कलेक्टर पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। किसान का कहना है कि सतपाड़ा सोसाइटी में जारी उनके टोकन पर दर्ज 10 बोरी खाद किसी अन्य व्यक्ति द्वारा उठा ली गई। उन्होंने बताया कि जब वे निर्धारित तिथि पर खाद लेने पहुंचे, तब उन्हें मालूम पड़ा कि खाद पहले ही किसी और को दे दी गई है। त्रिपाल सिंह ने सोसाइटी प्रबंधकों पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कलेक्टर से मांग की है कि मामले की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में किसी किसान को ऐसी समस्या का सामना न करना पड़े।

### कोचिंग शिक्षकों को दो साल से नहीं मिला वेतन

**विदिशा।** जिले के विभिन्न छात्रावासों में कोचिंग शिक्षक के रूप में कार्यरत युवाओं और युवतियों ने दो वर्षों से मानदेय न मिलने को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। शिक्षकों ने बताया कि आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा संचालित छात्रावासों में कार्य करने के बावजूद उन्हें लंबे समय से मानदेय नहीं मिला है, जिससे आर्थिक संकट गहरा गया है। उनका कहना है कि मानदेय भुगतान की मांग को लेकर पहले भी आवेदन दिए गए, लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। शिक्षकों ने शीघ्र भुगतान एवं नियमित व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है।

## पुलिया निर्माण से किसान की जमीन में हो रहा कटाव

**हरिभूमि न्यूज. करारिया।** ग्राम पंचायत करारिया लश्करपुर में सहोदरा नदी पर पुलिया निर्माण का कार्य पिछले एक वर्ष से चल रहा है, लेकिन अधूरा निर्माण अब किसानों के लिए परेशानी का कारण बनता जा रहा है।



ग्रामीण किसान हरनाथ सिंह के खेत के पास से नदी का बहाव मुड़ जाने से लगातार जमीन कटाव हो रहा है। उनका कहना है कि यदि सुरक्षा दीवार की लंबाई बढ़ाई जाए तो कटाव रुक सकता है, लेकिन वर्तमान में पानी का पूरा बहाव खेत की ओर होने से खतरा और बढ़ गया है। किसान के अनुसार, यदि जल्द ही समस्या का समाधान नहीं किया गया तो अगली बरसात में खेत का बड़ा हिस्सा नदी में समा सकता है। हरनाथ सिंह ने इसकी मौखिक सूचना आरईएस विभाग के अधिकारियों को दी, लेकिन संतोषजनक जवाब नहीं मिला। मामला जनसुनवाई में भी उठाया गया, फिर भी अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। करारिया की सरपंच शशि जादौन ने भी पुष्टि की कि उन्होंने विभाग को खेत कटाव की सूचना दे दी है, पर हल अभी तक नहीं निकला। ग्रामीणों का कहना है कि समय रहते समाधान न मिलने पर किसान को भारी नुकसान झेलना पड़ेगा।

## मेडिकल कॉलेज में अग्निशमन यंत्रों की एक्सपायरी होने के बाद उन्हें बदले जाने की बजाय एक्सपायरी डेट वाली स्लिप बदल रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

भ्रष्टाचार उन्मूलन संघर्ष समिति ने मंगलवार को मेडिकल कॉलेज के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। समिति के सदस्यों ने मेडिकल कॉलेज के सामने प्रदर्शन कर नारेबाजी की और कलेक्ट्रेट पहुंचकर कलेक्टर के नाम 10 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा।



समिति के प्रदेश अध्यक्ष रवि साहू ने बताया कि मेडिकल कॉलेज में सुरक्षा और पर्यावरण नियमों की अनदेखी हो रही है। कॉलेज में न तो फायर सिस्टम ठीक है और न ही फायर एवं विद्युत एनओसी प्राप्त है, जिससे मरीजों और स्टाफ की जान खतरे में है। रवि साहू ने बताया कि मेडिकल कॉलेज में अग्निशमन यंत्रों की एक्सपायरी होने के बाद उन्हें बदले जाने की बजाय केवल एक्सपायरी डेट वाली स्लिप बदल दी जाती है, जो नेशनल बिल्डिंग कोड 2016 का स्पष्ट उल्लंघन है। साथ ही, विषैला जल बिना एनओसी के नाले में छोड़ा जा रहा है, जो बेतवा नदी और विदिशा के जल आपूर्ति स्रोत के लिए गंभीर खतरा है। समिति ने कलेक्टर से 7 दिन के अंदर जांच कमेटी गठित कर सभी मामलों की जांच कराने और डीन मनीष निगम को तत्काल बर्खास्त करने की मांग की है। रवि साहू ने चेतावनी दी है कि यदि मांगों पर उचित कार्रवाई नहीं हुई, तो समिति मेडिकल कॉलेज के सामने अनिश्चित कालीन धरना-प्रदर्शन करेगी।

## मेमू और पैसेंजर ट्रेनों में भीड़ पर जिपं अध्यक्ष ने जताई चिंता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

मेमू और पैसेंजर ट्रेनों में निरंतर बढ़ती भीड़ यात्रियों के लिए गंभीर परेशानी का कारण बन रही है। हजारों यात्री कम कोचों के कारण दरवाजों पर लटककर, पायदान पर खड़े होकर सफर करने मजबूर हैं।



ऐसी परिस्थितियां किसी बड़े हादसे का कारण बन सकती हैं। जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखकर तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। उन्होंने कहा कि मेमू ट्रेनों में कम से कम 12 कोच वाली रेक पुनः लगाई जाए तथा नई रेक उपलब्ध होने तक अस्थायी रूप से अतिरिक्त कोच जोड़े जाएं, ताकि यात्रियों की सुरक्षा हो सके। श्रीमती रघुवंशी ने कहा कि भोपाल–बीना रेलखंड औद्योगिक, शैक्षणिक व व्यावसायिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस रूट से प्रतिदिन हजारों छात्र, कर्मचारी और आम नागरिक यात्रा करते हैं और वे सुरक्षित व सम्मानजनक यात्रा के अधिकारी हैं। जिपं अध्यक्ष ने विश्वास जताया कि रेल मंत्रालय शीघ्र निर्णय लेकर यात्रियों की समस्याओं का समाधान करेगा।

### जिले में 96.74 फीसदी हुआ डिजिटाइजेशन

**विदिशा।** जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण का कार्य तेजी से जारी है। गहन पुनरीक्षण का कार्य लक्ष्य के करीब पहुंच रहा है। जिले में दो दिसम्बर की दोपहर 12 बजे तक 96 .74 फीसदी मतदाताओं के गणना पत्रक डिजिटाइज्ड किए जा चुके हैं। विदिशा जिले में मतदाताओं की कुल संख्या 1120532 है जिसमें से तीस नवम्बर की दोपहर दो बजे तक 1084051 मतदाताओं के गणमना पत्रक डिजिटाइज्ड किए जा चुके हैं। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र विदिशा में लक्ष्य का 91.67%, बासौदा में 97 .43 %, कुरवाई में 99 .22 %, सिरोंज में 97 .77 % तथा शमशाबाद विधानसभा क्षेत्र में 97 .71% लक्ष्य दो दिसम्बर तक पूरा कर लिया गया है।

## गीता के दिव्य एवं शाश्वत ज्ञान-वर्षा में सराबोर हुआ सांदीपनि विद्यालय

**कुरवाई।** गीता जयंती के पावन अवसर पर सांदीपनि विद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव 2025 का भव्य आयोजन अत्यंत उत्साह एवं आध्यात्मिक उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में विद्वानों, समाजसेवियों, पदाधिकारियों, पालकगण, शिक्षक एवं समस्त विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की।

विभिन्न विद्वानों ने गीता दर्शन के गूढ़ तत्वों पर प्रकाश डालते हुए गीता को मानव जीवन का सारग्रंथ बताया। विद्यार्थियों द्वारा गीता के पंद्रहवें अध्याय के श्लोक पाठ और सस्वर गायन की सुंदर प्रस्तुतियों ने उपस्थित जनों को भावविभोर कर दिया। 16 कलाओं से संपन्न योगेश्वर श्रीकृष्ण की सजीव झांकी इस आयोजन का आकर्षण केंद्र रही। मुख्य मंच का संचालन शिक्षक अभिषेक सिंह राजपूत ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष राजेश लोधी ने की तथा मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता दिनेश शर्मा रहे। संदीप चौबे, ओमप्रकाश आर्य, राकेश




चौबे, नरेंद्र शर्मा सहित अनेक वक्ताओं ने कर्म, ज्ञान एवं भक्तियोग को गीता के तीन प्रमुख स्तंभ बताते हुए इनके जीवनोपयोगी संदेशों की व्याख्या की। इस अवसर पर तहसीलदार कुरवाई, एपीओ जनपद पंचायत, जनपद सदस्य विनय लोधी, नगर परिषद उपाध्यक्ष इरफान काजी, राजस्व निरीक्षक आदि उपस्थित रहे।

## बेटे ने मां का पैर तोड़ा, व्हीलचेयर पर जनसुनवाई में पहुंची पीड़िता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

- एक ही बेटा बचा है वह भी मारपीट कर रहा प्रताड़ित।

पुलिस जनसुनवाई में मंगलवार को गुलाबगंज निवासी बुजुर्ग महिला पुष्पाबाई अहिरवार व्हीलचेयर पर पहुंचीं और अपने बेटे राहुल अहिरवार पर गंभीर मारपीट का आरोप लगाया। पीड़िता ने बताया कि करीब डेढ़ महीने पहले बेटे ने लाठी-डंडों से हमला किया, जिसमें उनका पैर टूट गया और उसमें रॉड डालना पड़ी। पुष्पाबाई ने बताया कि दो बेटों में से एक की मृत्यु हो चुकी है और अब अकेले सहारा बने राहुल द्वारा ही उन्हें प्रताड़ित किया जा रहा है। उन्होंने आरोपी बेटे पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। एएसपी प्रशांत चौबे ने गुलाबगंज टीआई को महिला के घर पहुंचकर जांच और दोषी पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

सोलर लगवाएं और बिजली बिल से मुक्ति पाएं...
विदिशा सोलर
78,000/- सब्सिडी
100% फायनेंस सुविधा
विदिशाः सरदार सिंह रघुवंशी 9826024615, प्रतोष किरार 7974337170
बासौदाः यशवंत दांगी 7983377833

### नेशनल लोक अदालत का आयोजन 13 को

**विदिशा।** प्रधान जिला शेख सलीम के मार्गदर्शन में विशेष न्यायाधीश जीसी शर्मा की अध्यक्षता में एवं मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण न्यायाधीश राजेश शर्मा, कंचन सक्सेना एवं समस्त इंश्योरेंस (बीमा) कंपनी के अधिवक्तागण की उपस्थिति में 13 दिसंबर को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के सफल क्रियान्वयन हेतु आज मंगलवार को बैठक का आयोजन जिला न्यायालय परिसर के सभागार विदिशा में किया गया। उक्त बैठक में बीमा कंपनी के अधिवक्तागण एवं आवेदकों के अधिवक्ता से अधिक से अधिक प्रकरण लोक अदालत के माध्यम से निराकृत करने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

**पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर चलाया गया चेकिंग अभियान**

## चेकिंग अभियानः पुलिस ने 60 बाहरी व्यक्तियों का सत्यापन किया, मिर्जापुर मंडी के आसपास 25 डेरों पर जाकर की जांच

**पुलिस को किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि नहीं मिली**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

मंगलवार सुबह कोतवाली व सिविल लाइन पुलिस द्वारा संयुक्त सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। थाना प्रभारी कोतवाली एवं सिविल लाइन के नेतृत्व में गठित कुल 6 टीमों ने सुबह 6 बजे से 9 बजे तक शहर के विभिन्न क्षेत्रों में बाहरी व्यक्तियों के डेरों पर जांच की। अभियान का मुख्य उद्देश्य शहर में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करना, बाहरी क्षेत्रों से आए लोगों की पहचान सुनिश्चित करना और संदिग्ध गतिविधियों पर प्रभावी निगरानी रखना था।

टीमों ने आरटीओ कार्यालय के सामने स्थित क्षेत्र, रामलीला मैदान, शनि मंदिर परिसर, जतरापुरा, नीमताल पुल क्षेत्र, अहमदपुर चौराहा हाईवे बायपास, धतुरिया हाईवे तथा मिर्जापुर मंडी के



आसपास लगभग 25–30 डेरों की पड़ताल की। चेकिंग के दौरान 55–60 बाहरी व्यक्तियों से आधार कार्ड लेकर दस्तावेजों का सत्यापन किया गया तथा सभी के नाम–पते थाने की डायरी में दर्ज किए गए। सुरक्षा की दृष्टि से इन सभी व्यक्तियों को मुसाफिर पाबंदी के तहत नोटिस जारी कर पाबंद भी किया गया। पुलिस को किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि नहीं मिली, मगर सभी व्यक्तियों का रिकॉर्ड पुलिस डेटाबेस में सुरक्षित रूप से संरक्षित किया गया है। पुलिस का यह अभियान शहर में कानून-व्यवस्था के प्रति सतर्कता और तत्परता का स्पष्ट संदेश देता है। अधिकारियों ने बताया कि ऐसे अभियान आगे भी समय–समय पर जारी रहेंगे, ताकि शहर में शांति एवं सुरक्षा बनी रहे।

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

## बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-1660
उच्चतम भाव-5255
सरसों
न्यूनतम भाव-6200
उच्चतम भाव-7300
चना
न्यूनतम भाव-4500
उच्चतम भाव- 5465
मसूर
न्यूनतम भाव-4800
उच्चतम भाव-6240
ज्वार
न्यूनतम भाव-2200
उच्चतम भाव-5280
मक्का
न्यूनतम भाव-1100
उच्चतम भाव- 1640
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2370
उच्चतम भाव-3131
धान
न्यूनतम भाव-1500
उच्चतम भाव-3400
गेंहू
न्यूनतम भाव-2000
उच्चतम भाव-3105
बटरी
न्यूनतम भाव-3600
उच्चतम भाव-3600
उड़द
न्यूनतम भाव-4600
उच्चतम भाव-6000
मूंग
न्यूनतम भाव-5450
उच्चतम भाव-5450

### कृषि मण्डी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में बुधवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मण्डी में 32831 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

# उदयपुर में कलश एवं ध्वज स्थापित किया गया





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने पर विराट हिंदू सम्मेलन उदयपुर में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर गत दिवस नीलकंठेश्वर महादेव में मंदिर में भोलेनाथ की पूजन अर्चन के बाद उपस्थितजनों द्वारा मंदिर परिसर में कलश, ध्वज स्थापित किया गया।

आगामी 14 दिसम्बर से हिन्दू धर्म के धर्म गुरुओं श्री महंत के मार्गदर्शन में हिंदू सम्मेलन का आयोजन ग्राम उदयपुर में किया जाएगा। इस कलश स्थापना के दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अनेक पदाधिकारी एवं सदस्यगण, गणमान्य नागरिक, ग्रामीणजन और मातृशक्ति मौजूद रहीं। यहां उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने पर सकल हिंदू समाज द्वारा उदयपुर में बडा हिन्दू सम्मेलन आगामी 14 दिसंबर को एवं आगामी 2 जनवरी को ग्राम गमाकर में हिन्दू धर्म सम्मेलन तय हुए हैं। जिसमें विशेष बात है कि गमाकर सम्मेलन का जिम्मा मातृशक्ति ने लिया है। जिसकी तैयारियां मातृशक्ति द्वारा जोर शोर से शुरु कर दी गई हैं। वहीं उदयपुर में आयोजित होने वाले सम्मेलन के लिए मंगलवार को ध्वज एवं कलश स्थापना की गई। इसमें ग्रामीण जन मौजूद रहे।

# अधिकारियों की लापरवाही से जली हजारों रुपए की केबल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मंगलवार को बरेठ रोड जलसा होटल के पास विद्युत कंपनी के अधिकारियों की लापरवाही के चलते हजारो रुपए की केबल जलकर राख हो गई। समय रहते अगर अधिकारी केबल पर ध्यान दे लेते तो बड़ा नुकसान होने से बच जाता। प्राप्त जानकारी के अनुसार बरेठ रोड एसडीएम बंगले के पास रोड पर लाइन बदलने का कार्य तो ठेकेदार कर रहा है लेकिन इसमें किसी शरारती तत्व ने केबल में आग लगा दी। जिससे 3 लाख रुपए के नुकसान का आकलन लगाया जा रहा है। बताया जा रहा है कि गत 30 नवंबर की रात करीब 4 बजे किसी अज्ञात असामाजिक तत्व ने केबल के पूरे ड्रम में आग लगा दी, एक ड्रम लगभग 1000 मीटर केबल का होता है। अब देखना यह है कि इसमें विद्युत विभाग के अधिकारी आगे क्या कार्रवाई करते हैं।

## मनचले की शिकायत लेकर थाने पहुंची छात्राएं, पुलिस ने पकड़कर निकाला जुलूस

# स्कूल के बाहर खड़े होकर चॉकलेट दिखाकर बुला रहा था छात्राओं को






हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

इलाके में महिलाओं, नाबालिग बालिकाओं, युवतियों के छेड़छाड़ के मामले रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं। मंगलवार को त्योंदा थानांतर्गत ग्राम कस्बा बागरोद में एक बड़ा मामला सामने आया है। ग्राम क़स्बा बागरोद के प्राथमिक स्कूल की नाबालिग छात्राओं से एक युवक ने अश्लील हरकत कर दी। जिसकी शिकायत छात्राओं ने पुलिस थाने में की और पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से चॉकलेट और आपत्तिजनक सामग्री के पैकेट मिले हैं। स्कूल की प्राचार्य माया महादुले ने बताया कि छात्राओं ने लगभग 11:30 बजे बताया कि एक व्यक्ति स्कूल के बाहर खड़े होकर उन्हें रुपए और टॉफी का लालच देकर अपने पास बुला रहा है। उन्होंने तुरंत छात्राओं के परिजनों को बुलाया और उनकी मदद से पुलिस से शिकायत की छात्राओं ने बताया कि यही युवक पिछले मंगलवार को भी स्कूल के बाहर खड़े होकर छात्राओं को अश्लील इशारे कर रहा था। उस समय छात्राएं उसके पास नहीं गईं और न ही शिकायत की। लेकिन आज मंगलवार को फिर वही युवक वापिस आकर छात्राओं को इशारे करने लगा और चॉकलेट एवं पैसे का लालच देकर बुलाने लगा। इस जानकारी के बाद कक्षा 2 से आठवीं तक पढ़ने वाली करीब 7 से 8 बच्चियां थाने पहुंचीं और अपनी आपबीती पुलिस अधिकारियों को बताई। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीओपी शिखा भलावी, पठारी थाना प्रभारी गौरव बाजपेई और शहर थाना प्रभारी संजय वेदिया, देहात थाना प्रभारी मनोज दुबे मौके पर पहुंचे और मामले की जांच की। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसका त्योंदा में जुलूश निकाला। एसडीओपी शिखा भलावी ने बताया कि आरोपी हुसैन उर्फ टाइगर राहतगढ़ के टेकरी मोहल्ले का रहने वाला है जो हम्माली करने के लिए बागरोद कृषि उपज उप मण्डी में आता है। त्योंदा पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर आरोपी हुसैन के विरुद्ध धारा धारा 74, 75(1), 78(1), 79 BNS, धारा 9/10/11/12 POCSO Act, तथा 3(1)(w)(ii), 3(2)(va) SC/ST एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया है।

# शहर थाना पुलिस ने नाबालिग बालिका की परिजनों के सुपुर्द




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

ऑपरेशन मुस्कान के तहत सिटी थाना पुलिस ने नाबालिग बालिका को परिजनों को सुपुर्द किया। अभियान के अंतर्गत गुम और अपहता बालक-बालिकाओं को खोजकर सुरक्षित उनके परिवारों तक पहुँचाने का कार्य प्राथमिकता से किया जा रहा है।

इसी क्रम में दिनांक 21 सितम्बर को फरियादी द्वारा अपनी 15 वर्षीय नाबालिग पुत्री को अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला फुसलाकर ले जाने की रिपोर्ट शहर में दर्ज कराई गई थी। जिस पर धारा 137(2) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन एवं एसडीओपी शिखा भलावी के मार्गदर्शन में सिटी थाना प्रभारी संजय वेदिया के नेतृत्व में नाबालिग बालिका को दस्तयाब किया गया। गठित टीम द्वारा तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर की गई तलाश के दौरान दिनांक 30 नबम्वर को नाबालिग बालिका को रामलीला चौराहा, विदिशा से दस्तयाब किया गया। आरोपी के कथन न्यायालय में कराए गए तथा बालिका को विधि सम्मत कार्रवाई उपरांत परिजनों को सौंप दिया गया। उक्त कार्रवाई में संजय वेदिया, राधेश्याम यादव, शिव प्रताप सिंह, शिवानी की भूमिका रही।

## खबर संक्षेप

### डॉ. अमृता सेन Ph. D. अवार्ड से सम्मानित



**गंजबासौदा।** अशोक कुमार , मीना सेन की पुत्री अमृता सेन को बरकतुल्लाह यूनिवर्सिटी, भोपाल से डॉक्टर ऑफ़ फिलॉसफी (Ph. D.) इन केमिस्ट्री की डिग्री दी गई है। यह उपाधि डिसप्रोसियम और यूरेनिल मेटल सोप्स पर फिज़िको केमिकल, थर्मल और एकॉस्टिक स्टडीज़ टॉपिक पर उनकी रिसर्च के लिए दी गई। उन्होंने डॉ. एसके उपाध्याय, प्रिंसिपल SSL जैन कॉलेज विदिशा के गाइडेंस में यह उपाधि प्राप्त की। अमृता सेन की इस उपलब्धि पर माता, पिता, मामा और मामी, आकाश सेन, सौरभ सेन, राजनीति, अगस्त्य, कार्तिकेय सहित परिवार के सदस्यों, इष्ट मित्रों ने बधाई दी है।

# शत प्रतिशत कार्य करने वाले बीएलओ को किया सम्मानित




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जारी मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र बासौदा में भी SIR का कार्य जारी है। बासौदा विधानसभा के 160 मतदान केंद्रों के बीएलओ द्वारा शत प्रतिशत मैपिंग कार्य पूर्ण कर लिया गया है। शत प्रतिशत कार्य पूर्ण करने वाले प्रथम पंद्रह बीएलओ को जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित प्रमाण पत्र निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी संतोष बिटोलिया एवं सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अरविंद यादव द्वारा प्रदान कर शुभकामनाएं दीं गईं। इस मौके पर बीएलओ सुपरवाइजर एवं कंट्रोल रूम स्टॉफ उपस्थित रहा।

# गौरवपूर्ण वृद्धावस्था एवं सम्मानित जीवन विषय पर संगोष्ठी आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

एसजीएस महाविद्यालय में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ नरेंद्र कुमार के मार्गदर्शन में तथा महाविद्यालय के क्रीड़ा विभाग के क्रीड़ा अधिकारी अभिषेक सिंह के नेतृत्व में उमंग हेल्थ एंड वैलनेस मानसिक तनाव प्रबंधन हेतु संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें ब्रह्माकुमारी संगठन की ओर से नंदिनी दीदी, रेखा दीदी, रुक्मणी बहन, मनीषा दीदी अनु बहन, विनोद भाई आदि द्वारा विद्यार्थियों को तनाव प्रबंधन हेतु मेडिटेशन के अभ्यास करने का प्रशिक्षण दिया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य के साथ-साथ प्रशासनिक अधिकारी डॉ सुमनलता गुप्ता के साथ स्टाफ ने सहभागिता की।

सर्वप्रथम नंदिनी दीदी द्वारा ब्रह्म कुमारी संगठन के बारे में विद्यार्थियों को बताया गया। तत्पश्चात विनोद भाई द्वारा नैतिक मूल्यों के बारे में को समझाया गया। उन्होंने नैतिक मूल्य के महत्व के संबंध में व्याख्यान दिया तथा उनके महत्व को समझाया गया साथ ही प्रत्येक व्यक्ति को अपने वृद्ध माता-पिता की सेवा करनी चाहिए। इसके बारे में विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया गया। अनु बहन ने अपने व्याख्यान में बताया कि तनाव प्रबंधन हेतु कौन-कौन से मेडिटेशन करने चाहिए। साथ ही उन्होंने उन मेडिटेशन के बारे में विद्यार्थी को विस्तार से बताया। उन्होंने वर्तमान समय में मेडिटेशन की आवश्यकता को रेखांकित किया। मेडिटेशन के अभाव में विद्यार्थियों में बढ़ता मानसिक तनाव, एंजायटी, मानसिक बीमारी एवं आत्महत्या आदि समस्याएं हो रही है तथा विद्यार्थी लगातार अपने लक्ष्य को प्राप्त न करने के कारण विभिन्न प्रकार की मानसिक समस्याओं से जूझ रहे है। अतः विद्यार्थी मानसिक स्वास्थ्य हेतु ध्यान अर्थात मेडिटेशन निरंतर करें।

इसमें प्राचार्य डॉ नरेंद्र कुमार द्वारा मानसिक स्वास्थ्य की आवश्यकता पर बल दिया गया। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में व्यक्ति समाज में एकांकी व अलगाव महसूस कर रहा है। ऐसी परिस्थितियों में विद्यार्थियों के लिए यह आवश्यक हो जाता है कि वह मेडिटेशन करें। डॉ. सुमनलता गुप्ता द्वारा भी विद्यार्थियों को मेडिटेशन के महत्व के बारे में बताया गया।

### कंप्यूटर इंस्ट्रक्टरों ने मांगों को लेकर दिया ज्ञापन



**गंजबासौदा।** मंगलवार को तहसील में पदस्थ कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर ने अपनी मांगों को लेकर तहसीलदार अरविंद यादव को एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर ने आउटसोर्स कर्मचारी में शामिल करने का विरोध किया। उनके द्वारा बताया गया कि जिले में लगभग 194 युवाओं को कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर के पद पर पदस्थ किया गया है। लेकिन अब विभाग के द्वारा हम लोगों को आउटसोर्स कर्मचारी में शामिल किया जाएगा, जिससे हम लोगों का भविष्य खतरे में पड़ सकता है। हम लोगों को आउटसोर्स कर्मचारी में तब्दील किया जाता है तो हम लोगों का भविष्य असुरक्षित होगा और कार्यकाल भी प्रभावित होगा। सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि 14 नवंबर 2025 का आदेश निरस्त किया जाए, कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर को आउटसोर्स व्यवस्था में शामिल न किया जाए और उनका 12 माह का कार्यकाल सुनिश्चित किया जाए। अतिथि शिक्षकों की वर्तमान कार्यप्रणाली को यथावत रखते हुए समग्र शिक्षा अभियान की गाइडलाइन लागू की जाऐ। इस दौरान अखिलेश दांगी, आकाश नामदेव, राहुल, राज, सोनू मालवीय, विकास कुशवाहा, प्रियांशी चौहान, सुमन, यशपाल राजपूत मौजूद थे।

## 34 वर्षों से सनातन धर्म की ध्वजा थामकर किया जा रहा परंपराओं का निर्वाहन

# गीता जयंती पर सनातन धर्म के प्रहरियों का किया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मंगलवार को नगर के नौलखी मंदिर में आयोजित हुए गीता जयंती के समापन मौके पर नगर में 34 वर्षों से सनातन धर्म की ध्वजा को थामकर सेवा और धार्मिक परंपराओं के निर्वाहन में अग्रणी भूमिका निभा रही सनातन धर्म सेवा संस्थान सहित अन्य सनातन की सेवा में जुटे अन्य धर्म प्रहरियों का जगन्नाथ दास नौलखी आध्यात्मिक धार्मिक कल्याण समिति की ओर से शाल श्रीफल से सम्मान किया गया। पांच दिवसीय गीता जयंती के आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं की अपार श्रद्धा, आस्था और उत्साह को देखते हुए सनातन धर्म समिति ने घोषणा की कि गीता जयंती पर होने वाला प्रतिवर्ष का यह आयोजन अब आगामी वर्षों तक नौलखी मंदिर में ही आयोजित किया जाएगा। अगले वर्ष गीता जयंती महोत्सव के आयोजक के रूप में पूर्व मंडी सचिव गणेशराम रघुवंशी ने अपनी सहमति दी। वहीं रिटायर्ड कृषि विस्तार अधिकारी शंकर सिंह रघुवंशी ने नवीन सदस्य के रूप में सदस्यता ली। नगर की सनातन धर्म सेवा संस्थान पिछले 34 वर्षों से नगर में प्रतिवर्ष गुडी पड़वा के साथ हिंदू नव वर्ष का आयोजन, सामाजिक समरसता और भजन संध्या के साथ, डोल ग्यारस का सामूहिक विहार संचालन एवं गीता जयंती का आयोजन धार्मिक उत्सव के रूप में करता है। नौलखी मंदिर में आयोजित हुए गीता प्रवचन के समापन पर श्रद्धालुओं की गीताजी के प्रति अपार श्रद्धा देखने मिली। सनातन धर्म समिति की आधार शिला रखने वाले संस्थापक पंडित केशव शास्त्री, वरिष्ठ समाजसेवी कांति भाई शाह सहित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं नौलखी की ओर से संत परमहंस, पंडित विकास मिश्रा, रविंद्र उपाध्याय, मुरारी अग्रवाल, रघुवीर सिंह रघुवंशी ने शाल, श्रीफल से सम्मान किया। इसके अलावा कथावाचक पंडित भगवान प्रसाद शास्त्री, शासन की गीता जयंती के जिला प्रभारी पं मुन्नालाल शास्त्री, गीता जयंती महोत्सव के आयोजनकर्ता एवं पूर्व मार्केटिंग सोसायटी प्रबंधक केसी तिवारी का भी शाल, श्रीफल से अभिनंदन किया गया। इस दौरान श्रीरामरस धारा परिवार के संस्थापक पंडित अंकुर माधव महाराज, 20 वर्ष से तुलसी के निशुल्क पौधे का वितरण कर सनातन की सेवा में जुटे रिटायर्ड आरआई रघुवीर प्रसाद श्रीवास्तव, भगवान रामलला के मंदिर के शिखर पर धर्मध्वज की स्थापना के मौके पर साइकिल से अयोध्या तक श्रीराम जन्मभूमि की 700 किलोमीटर की आध्यात्मिक यात्रा पूर्ण कर लौटे मनीष पाठक, तुलाराम रघुवंशी, रघुवीर रघुवीर प्रजापति सनातन प्रहरी के रूप में सम्मान किया गया।

### विद्युत वितरण कंपनी लगा रही स्मार्ट मीटर

**गंजबासौदा।** विद्युत कंपनी ने नगर के वार्ड क्रमांक 7 सुभाष निकेतन गली सहित आसपास के इलाकों में स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य शुरू कर दिया है। इस दौरान उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर से जुड़ी अफवाहों के प्रति जागरूक भी किया जा रहा है। कंपनी द्वारा लगभग 60 से 70 विद्युत मीटर लगाए गए, यह कार्य उपभोक्ताओं की चिंताओं के बीच हो रहा है, जो मानते हैं कि स्मार्ट मीटर लगने से बिजली का बिल अधिक आएगा। विद्युत विभाग के अधिकारी आरके दोहरे ने कहा कि स्मार्ट मीटर लगाना अनिवार्य है, उन्होंने मीटर लगवाने में सहयोग करने की अपील की।

# नेत्र शिविर में हुई 405 मरीजों की जांच




**गंजबासौदा।** स्व सरोज नामदेव की पुण्य स्मृति में उनके पति प्रकाश नामदेव एवं उनके पुत्र हेमंत नामदेव एवं पिंटू नामदेव द्वारा सदगुरुदेव रणछोड़ दास जी की असीम अनुकम्पा से स्व नारायण सदाशिव पिंगले सेवा संस्थान के सहयोग से मंगलवार को विशाल नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभी सेवादारों एवं ट्रस्ट की पूरी टीम का शाल श्रीफल से सम्मान किया गया।

कैंप के आयोजक प्रकाश नामदेव, हेमंत नामदेव, प्रवेश नामदेव माही, समर, कार्तिक, रूद्रेश ने सभी मरीजों को भोजन के पैकेट वितरित किये। इस अवसर पर डॉ एके जैन, गणेश राम रघुवंशी, हेमंत भंडारी, विजय अरोरा, ओम प्रकाश नामदेव, दिलीप देसाई, दशरथ नामदेव, नंदकिशोर नामदेव, जितेंद्र नामदेव, संतोष नामदेव, कृष्ण बिहारी नामदेव और रामसेवक नामदेव, नरेंद्र नामदेव ने ट्रस्ट द्वारा चलाए जा रहे अंधत्व निवारण अभियान की सराहना की। उक्त शिविरो के आयोजन ट्रस्ट के रवि उपाध्याय के कुशल मार्गदर्शन में लगाए जा रहे हैं। नेत्र शिविर में सदगुरुदेव ट्रस्ट के चिकित्सक डॉ सौरभ शर्मा, डॉ राजकरण वर्मा, कैंप प्रभारी डाल सिंह जादौन,नीलम सिंह, धर्मेंद्र ,मोहन सिंह ,दीपेश, आरपी शुक्ला, अभिषेक ने 405 मरीजों की जांच की और उन्हें नेत्र रोगों से बचाव के तरीके बतलाए।

159 मरीजों को मोतियाबिंद चिन्हित किया गया, 130 मरीजों को निशुल्क दवाइया दी गईं, 67मरीजों को निशुल्क चश्मे प्रदान किये गए, वहीं 49 लोगों को चश्मे के नम्बर निकाल कर दिए। उपरोक्त जानकारी शिविर सहयोगी सुनील बाबू पिंगले ने दी।

**न्यायालय :- सुश्री सृष्टि कुशवाह, चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड गंजबासौदा तहसील, गंजबासौदा, जिला विदिशा म.प्र.**

प्रो. क्रमांकः- 6167/2025 गंजबासौदा दिनांकः14/11/25
प्रकरण कमांक :- RCS-A 205/2025

प्रति,
:- उपस्थिति होने वास्ते नोटिस -:
मोहिनी पंथी आदि ..................आवेदकगण
बनाम
सर्वसाधारण.............. अनावेदक
बनाम :- सर्वसाधारण

सूचित किया जाता है कि आवेदक क्रमांक -1 मोहिनी पंथी के पति एवं आवेदक क्रमांक- 2 जगजीत पंथी एवं आवेदक क्रमांक- 3 प्रिया पंथी के पिता रामसेवक पंथी थे रामसेवक पंथी पिता झल्लूराम पंथी वार्ड नं 3 नेहरू चौक नंदनजी वाली गली तहसील गंजबासौदा जिला विदिशा में आवेदकगण के साथ निवासरत रहे। रामसेवक पंथी सहायक शिक्षक के पद पर ग्राम बसरिया तहसील गंजबासौदा में पदस्थ रहे है। रामसेवक के द्वारा बैंको में खाते भी निरंतर गुम होने से पूर्व संचालित करता था। रामसेवक की पत्नि आवेदक कमांक -1 भी सहायक शिक्षक के पद पर पदस्थ है। पुत्र एवं पुत्री दोनो अध्यनरत है। रामसेवक पंथी दिनांक 01/09/2016 को बिना बत्ताये कही चले गये। जिसका आवेदकगणो ने उन्हे खोजने का बहुत प्रयास किया लेकिन नही मिले तब रामसेवक की पत्नि ने दिनांक 03/09/2016 को थाना शहर गंजबासौदा में गुमशुदा होने की विधिवत रिपोर्ट दर्ज कराई जो रोजनामचा क्रमांक -37 गुम इंसान क्रमांक - 81/2016 पर दिनांक 03/09/2016 को दर्ज की गयी। पुलिस थाना शहर बासौदा द्वारा प्रमाणीकरण दिनांक 18/09/2024 को आवेदकगण को दिया और कहा कि रामसेवक को गुमे हुयें अधिक समय हो चुका है और प्रमाणीकरण देकर गुम इंसान क्रमांक- 81/2016 की विवेचना बंद कर दी। विगत 7 वर्ष से अधिक समय से रामसेवक के गुम होने से उसकी सिविल डेथ घोषित कराने हेतु आवेदकगण ने इस न्यायालय में वाद बाबत सिविल डेथ घोषित किये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अतः आपको सूचित किया जाता है कि आप स्वंय अथवा किसी अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत दिनांक 08.12.2025 को अपना पक्ष का समर्थन करने हेतु उपस्थित रहे। नियत दिनांक 08.12.2025 को आपके उपस्थित न होने की दशा में प्रकरण में एक पक्षीय सुनवाई कर निर्णय लिया जावेगा। नोटः- यदि नियत दिनांक को किसी कारणवश अवकाश घोषित हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई आगामी कार्य दिवस में की जावेगी। आज दिनांक 28.10.25. को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा के साथ जारी किया गया।

**न्यायाधीश सुश्री सृष्टि कुशवाह**
**चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड**
**तहसील गंजबासौदा जिला विदिशा म.प्र.**

## कृषि विभाग परिसर में शुरू हुई जैविक प्राकृतिक कृषि उत्पादन की दुकान

# कलेक्टर की नई पहल : अब हर रविवार को हाट बाजार में सरकार बेचेगी जैविक खाद उत्पादित सब्जी के साथ घी-दाल और चावल

- *एक जैविक कृषि उत्पाद केंद्र प्रारंभ, दूसरे का रविवार को करेंगे शुभारंभ*
- *जिला मुख्यालय के साथ जिले के सभी हाट बाजारों में खुलेगी जैविक दुकानें*
- *आमजन को सहजता से उपलब्ध हो सकेगी जैविक कृषि उत्पाद की सामग्रियां*

## विक्रय केंद्र में अनाज, दालें, तेल, मसाले का प्रतिदिन किया जाएगा विक्रय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जिला मुख्यालय पर कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा की नई पहल में कृषि विभाग खुद अपनी दुकान लगाकर जैविक खाद से उत्पन्न सामग्रियों को बाजार मूल्य पर बेचेगा। मंगलवार को कृषि विभाग परिसर में जैविक प्राकृतिक कृषि उत्पाद विक्रय केंद्र का शुभारंभ किया गया। दूसरे चरण में रविवार को एक दुकान और कामधेनु परिसर सागर-भोपाल तिराहे पर प्रारंभ करने की तैयारी है।

कृषि विभाग के सहायक संचालक दुष्यंत कुमार धाकड़ ने बताया कि कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा के निर्देश अनुसार जिले में जैविक खेती को बढ़ावा देने और किसानों को प्रोत्साहित करने के साथ ही जैविक खेती के उत्पादों के विक्रय के लिए जिले के सभी प्रमुख हाट बाजारों में उत्पाद बेचे जाएंगे। जिसकी शुरूआत मंगलवार को कृषि विभाग परिसर में एक आउटलेट प्रारंभ कर की गई है।




### वेटरनरी की दुकानों में खोलेंगे दुकान : दुष्यंत कुमार

सहायक संचालक दुष्यंत कुमार ने बताया कि कृषि विभाग परिसर के बाद अगले रविवार तक सागर-भोपाल तिराहे पर वेटरनरी की दुकानों में एक विक्रय केंद्र प्रारंभ करने जा रहे है, जो कि प्रत्येक रविवार को खुलेगा। जिसमें हाट बाजार में आए लोग और किसानों को जैविक उत्पादन सहजता से उपलब्ध हो सके। वहीं किसानों के लिए भी जैविक खेती को लाभ का धंधा बनाने के नुकसे बताए जा सके।

### अब जैविक उत्पाद सीधे किसानों से भी खरीद सकेंगे ग्राहक

*विक्रय केंद्र में जैविक कृषि उत्पाद जैसे अनाज, दालें, तेल, मसाले का प्रतिदिन विक्रय किया जाएगा। साथ ही केंद्र पर जिले में जैविक खेती करने वाले किसानों की जानकारी भी दी जाएगी, जिससे लोग अपनी जरूरत अनुसार जैविक उत्पाद सीधे किसानों से खरीद सकेंगे। यह केंद्र किसानों में जैविक खेती के बारे में जागरूकता लाने के साथ ही उपज का उचित मूल्य दिलाने में आधारशिला साबित होगा। जिले में जैविक खेती करने वाले किसान अपने उत्पाद बेचने एवं जैविक उत्पाद खरीदने के इच्छुक व्यक्ति शहर के सागर रोड स्थित कार्यालय उपसंचालक कृषि विभाग में शुरू किए जा रहे जैविक कृषि उत्पाद विक्रय केन्द्र पर रविवार के दिन संपर्क कर सकते है।*

### जैविक उत्पाद विक्रय केंद्र पर मिलेंगे यह उत्पाद

*इस जैविक उत्पाद विक्रय केन्द्र पर विक्रय हेतु अनाज, दाल, तेल, सब्जियां, फल, घी आदि उत्पाद नागरिकों के लिए उपलब्ध रहेगें। अनाज में गेंहू, बासमती चावल, ज्वार, बाजरा, कोदो, कुटकी, सांवा, मक्का तथा दाल में अरहर, मूंग, उडद, मसूर, बटरी एवं तेल में सोयाबीन, सरसों, मूंगफली और सब्जी में आलू, मिर्च, लौकी, बरबटी, भिण्डी, गोभी, टमाटर, सेम, गंवार फल्ली, गिलकी, मूली, कद्दू, टिण्डे, मुनगा आदि के साथ कई प्रकार की सब्जियां एवं भाजिया उपलब्ध रहेगी तथा देशी गाय का घी एवं उसे बनाने की विधि भी बताई जाएगी।*

---

## जिम्मेदार उत्खनन की नहीं करते जांच, ठेकेदार की हौसले बुलंद

# सड़क ठेकेदार ने अवैध उत्खनन कर बनाए गड्ढे, हादसे को दे रहे आमंत्रण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

ग्राम कोड़ी से विदिशा फोरलेन सड़क का निर्माण कार्य बंसल सड़क कंपनी द्वारा किया जा रहा है। कंपनी के अधिकारी-कर्मचारियों की मनमानी और गुंडागर्दी का आलम यह है कि माइनिंग विभाग और एनएचआई द्वारा सिर्फ एक या दो जगह की परमिशन लेकर मनचाहे पहाड़ों, खेत खलिहानों और नदी नालों में अवैध उत्खनन किया जा रहा है।

यह मुरम-कोपरा निर्माणाधीन सड़क के साइडों को भरने और पुल पुलियाओं के आसपास डाला जा रहा है। जिम्मेदार अधिकारी कभी इस रोड पर मॉनिटरिंग करने नहीं जाते, जिससे सड़क कंपनी के अधिकारियों की मनमानी बुलंदियों पर है। वह उनके गुर्गों को मौके पर भेज कर किसानों को डरा धमका रहे हैं और मनचाही जगह अवैध मुरम कोपरा की अपने तरीके से पोकलेन जेसीबी मशीनों से कर रहे हैं। वह अपना उल्लू सीधा कर रहे हैं। इस तरह के आरोप ताजपुर सूर गांव के ग्रामीण और किसानों ने मीडिया कर्मियों के सामने सड़क कंपनी के ठेकेदार पर लगाए हैं।

रायसेन के ताजपुर सूर निवासी बुजुर्ग सेवक राम, प्रभु सिंह, रक्षा यादव रेवती देवी बताते हैं कि हम हमारी जमीन पर पिछले 40 से 50 सालों से राजस्व की जमीनों पर काबिज हो खेती कर परिवार का बमुश्किल पेट पाल रहे हैं। हमारे निजी जमीन बाड़ों पर बंसल सड़क कंपनी ठेकेदार मशीनों से बेहिसाब मुरम मिट्टी की खुदाई के लिए हमारी रबी फसलों गेहूं चने की फसलों को रौंद उसे उजाड़ दी हैं। जिससे हमारे परिवार पर संकट खड़ा हो गया है।



### उत्खनन में बने गड्ढे बन रहे जानलेवा हादसों का कारण

सड़क ठेकेदार व मटेरियल सप्लायर पर जिला प्रशासन नहीं कर रहा कोई कार्रवाई। इसके पहले भी हमारे गांव के बीचो-बीच और आसपास लगभग 50 गड्ढों से इस सड़क कंपनी ने बेहिसाब खुदाई करके मौत के गड्ढे बना दिए हैं। फिलहाल उनमें लबालब कई पुरस पानी भरा हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि कंपनी के डीजीएम केशव राव का कहना है कि एनएएचआई, माइनिंग द्वारा हमें मुरम कोपरा निकालने 10 एकड़ की परमिशन लीज दी गई है। जबकि ग्रामीण यह आरोप लगा रहे हैं कि सड़क कंपनी ने लीज कहीं और जगह ली है और खुदाई हमारे खेत खलियानों में की जा रही है।

### ग्रामीणों ने कहा खुदाई का विरोध करने पर देते हैं धमकी

ग्रामीणों ने बताया कि सड़क ठेकेदार ने हमारे बगीचे के फलदार पेड़ों को मशीनों से तहस-नस कर दिया है हम जब इस खुदाई का विरोध करते हैं तो वह पुलिस बुलाने की धमकी देता है।

ग्रामीणों ने बताया कि हमारी जमीन पर पीएम आवास के मकान भी बने हुए हैं। वहीं मुरम कोपरा और मिट्टी का उत्खनन किया जा रहा है। गहरे जानलेवा गड्ढे एवं खाईयां हमारे बच्चों के लिए दिक्कतें खड़ी करेंगे। वर्तमान में सरकारी रास्तों के आसपास भी दर्जनों गड्ढे पानी से भरे हुए हैं। जिससे आवागमन में दिक्कतें हो रही हैं। ठेकेदार द्वारा आम रास्तों पर दर्जनों अवैध खदानें बना रखी हैं।

#### इनका कहना है

सड़क कंपनी के ठेकेदार और एनएचआई द्वारा दस एकड़ की वैध लीज की अनुमति और माइनिंग विभाग से ली गई है। अगर ठेकेदार फिर भी मनमानी कर रहा है तो शिकायत मिलने पर खनिज अमले की मौके पर टीम भेज कर जांच के बाद नियम अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

**- महेंद्र पटेल,** माइनिंग अधिकारी।

#### इनका कहना है

हमने ताजपुर और में मुरम,कोपरा खनन के लिए जिम्मेदार विभागों से 10 एकड़ जमीन पर की लीज ली है। हम अपनी खुदाई वैध तरीके से करवा रहे हैं। इसमें कुछ किसान और ग्रामीण आपत्ति उठा रहे हैं।

**- केशव राव,** डीजीएम, सड़क कंपनी।

---

# मदनी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने थाने पहुंचा बजरंग दल-विहिप

## मदनी के भड़काऊ भाषण से हिन्दू समाज हुआ आहत





हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

मंगलवार को बजरंग दल के जिला संयोजक बद्री प्रसाद पाराशर, विहिप के जिला संयोजक दौलत लोंगवानी के नेतृत्व में विश्व हिंदू परिषद के नेता कार्यकर्ता मौलाना मेहमूद असद मदनी के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए कोतवाली थाने पहुंचे। कोतवाली टीआई नरेंद्र गोयल को आवेदन देकर मौलाना मेहमूद असद मदनी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की।

- प्रकरण दर्ज नहीं होने पर आंदोलन की दी चेतावनी

आवेदन में बताया कि मौलाना मोहम्मद असद मदनी द्वारा भड़काऊ विभाजन कार्य भाषण देकर बहुसंख्यकों की भावनाओं को ठेस पहुंचाई गई है। इससे देश की एकता अखंडता पर सीधी चोट है। मौलाना मदनी ने भड़काऊ यह दुर्भावना पूर्ण भाषण में कहा है कि वंदे मातरम भारतीयों के लिए है। हम हमारे हिसाब से चलेंगे। किसी के थोपे गए आदेश हमें बिल्कुल मंजूर नहीं है। ऐसे भड़काऊ देने वालों पर देशद्रोह और अन्य मामलों में प्रकरण दर्ज किया जाए।

उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द ही ऐसे लोगों पर मामला दर्ज नहीं किया गया तो बजरंग दल देश भर में आंदोलन करने के लिए मजबूर होगा। ज्ञापन सौंपने वालों में पुष्पाल सिंह राठौर, रवि चक्रवर्ती, रघुवीर सिंह सहित कार्यकर्ता शामिल रहे।

### हिंदू संगठनों ने मदनी का फूंका पुतला

## महमूद मदनी का भड़काऊ बयान विद्रोह उकसाने वाला

**बरेली।** पिछले दिनों एक कार्यक्रम में मौलाना महमूद मदनी द्वारा दिए भाषण में जिन बातों को कहा उसे समाज में द्वेष, विद्रोह उत्पन्न और उकसाने वाला मानते हुए मंगलवार को विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं द्वारा एक आवेदन सौंप कर मदनी के विरुद्ध प्रकरण दर्ज करने की मांग की। मदनी का पुतला दीनदयाल परिषद चौराहे के पास जलाकर हिंदूवादी संगठनों के कार्यकर्ताओं द्वारा आक्रोश व्यक्त किया।

- प्रकरण दर्ज करने की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

मदनी के घोर आपत्तिजनक और भडक़ाऊ विभाजनकारी बयान की निंदा करते हुए ज्ञापन सोपा जिसमें भारतीय न्याय संहिता 2023 मानव अधिकार की धारा 1996 व 335 के अंतर्गत प्रकरण दर्ज के किए जाने की मांग ज्ञापन सौंपते समय की गई।

ज्ञापन सौंपते समय बजरंगदल नगराध्यक्ष पलाश वर्मा, अमरीश व्यास, राममूर्ति रघुवंशी, विक्रांत धाकड़, नीरज भार्गव, आदर्श सोनी, हर्ष राजपूत, हरिओम धाकड़, सत्यम ठाकुर इत्यादि की उपस्थिति रही।

---

### जनसुनवाई में कलेक्टर ने लोगों की समस्याओं का किया निराकरण

**रायसेन।** शहर के कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा द्वारा नागरिकों की समस्याओं की सुनवाई कर उनका निराकरण किया गया। कलेक्टर ने जनसुनवाई में आए हर एक आवेदक से धैर्यपूर्वक उनकी समस्याओं पर चर्चा कर निराकरण किया। कुछ प्रकरणों में उन्होंने आवेदकों की समस्याओं पर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही कर निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अपर कलेक्टर मनोज कुमार उपाध्याय, डिप्टी कलेक्टर तथा जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

---

## बरेली-पिपरिया मार्ग पर टूटा पुल परेशानियों जोखिम भरा सफर

# टूटे पुल के स्थान पर एमपीआरडीसी बना रहा अस्थाई पुल मार्ग, महकमे ने डायवर्ट रूट किया तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

फॉलोअप

बीते सोमवार को बरेली-पिपरिया मार्ग पर ग्राम नयागांव कलां के पास बना मछवाई नाले का पुल मरम्मत कार्य के दौरान धराशाही हो गया था। पुल के ढहने से पिपरिया मार्ग पर वाहनों का आवागमन बंद हो गया। नयागांव कलां के पुरानी मार्ग पुलिया से छोटे चार पहिया और दो पहिया वाहनों का परेशानियों एवं जोखिम भरी स्थिति में सोमवार से आवागमन बना हुआ है।



यात्री बसों का ग्रामीण मार्ग से आवागमन-छोटे हल्के वाहन तो दो दिन से नयागांव के भीतर से आवागमन कर रहे हैं। यात्री बसों ट्रक बड़े वाहनों को लगभग 6 किलोमीटर का लंबा चक्कर लगाकर गुराडिया मगरधा महेश्वर मार्ग से पिपरिया जाना और बरेली आना पड़ रहा है। इन ग्रामीण मार्गों पर दो दिन से भारी संख्या में आवागमन हो रहा है।

### अस्थाई मार्ग का निर्माण

एमपीआरडीसी द्वारा टूटे पुल के निचले हिस्से में नाले पर पुलिया पाइपों की पुलिया और खेतों के बीच से आस्थाई मार्ग का निर्माण शुरू कर दिया गया है। सोमवार से ही एक पोकलेन मशीन चार जेसीबी मशीन और 20 डंपरों का उपयोग कर मछवाई नाले में 6 पाइप डालकर अस्थाई मार्ग का निर्माण कर कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है।

### मृतक देवेंद्र बहन की विदा कर लौट रहा था वापस

**बरेली।** पुल हादसे में एक की मौत और 3 गंभीर और एक घायल हो गया था। मृतक देवेंद्र धाकड़ अपनी बहन का विवाह बाद विदाई कर वापस आते समय पुल की चपेट में आने से वह गंभीर घायल हो गया था, जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई थी। बताया जाता है कि मृतक देवेंद्र धाकड़ बीएसएफ का पूर्व जवान था। धोखेड़ा निवासी मृतक की पत्नी पटवारी है एवं उसका 10 माह का बच्चा भी है।

---

# ब्रजेश चतुर्वेदी ही रहेंगे श्रीरामलीला मेला समिति के कार्यकारी अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

मंगलवार को श्रीरामलीला मेला समिति की बैठक अयोजित की गई। बैठक मेला समिति के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष राजीव लोचन चौबे की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि मेला नजदीक होने के कारण वर्तमान अध्यक्ष का कार्यकाल एक वर्ष बढ़ा जाए, जिसे सभी पूर्व अध्यक्षों ने समर्थन दिया। वहीं 14 दिसंबर से लगने वाले मेले की रूपरेखा तैयार की गई। इस अवसर पर ब्रजेश चतुर्वेदी ने सभी पूर्व अध्यक्षों से सहयोग की अपेक्षा की एवं मेले के जवाबदारी सौंपी।



जिसमें रामलीला का संचालन मनोज अग्रवाल, कृष्ण मोहन चतुर्वेदी, शिव बरात राजेन्द्र सिंह राठोर, रामबरात जमना सेन, अशोक सोनी, बंटी महेश्वरी, दुकानों की व्यवस्था बब्लू ठाकुर, शिवराज कुशवाहा, लीला सोनी एवं मेला की सभी व्यवस्था मे पूर्व अध्यक्षों ने पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया है।

---

# अप्रिय घटना को रोकने शहर की सड़कों पर उतरे पुलिस के जवान

## एसपी के निर्देश पर जिलेभर के थाना प्रभारी अपने क्षेत्रों में कर रहे गश्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जिले में कोई भी अप्रिय घटना को रोकने के उद्देश्य से एसपी आशुतोष गुप्ता ने जिले के सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया है कि वह शाम की समय पुलिस बल के साथ शहर की सड़कों पर उतरे। जिससे असामाजिक तत्वों में पुलिस का भय व्याप्त हो एवं आम नागरिकों में पुलिस का विश्वास बढ़े।



मंगलवार की देर शाम कोतवाली प्रभारी नरेंद्र गोयल पुलिस बल के साथ शहर की सड़कों पर निकले। उन्होंने सबसे पहले सागर तिराहे, महामाया चौक, श्रीरामलीला मैदान और इंडियन चौराहा जैसे व्यस्ततम इलाकों का गश्त किया। इस दौरान पुलिस ने सड़कों पर बेवजह खड़े युवाओं से पूछताछ की। उन्होंने सड़क पर खड़े वाहनों और यातायात व्यवस्था का भी निरीक्षण किया।

थाना प्रभारी ने दुकानदारों को अपनी दुकानों के सामने सड़क पर वाहन पार्क न करने की हिदायत दी। इसके बाद थाना प्रभारी गोयल जिला अस्पताल परिसर पहुंचे। वहां उन्होंने उपस्थित लोगों से अस्पताल आने का कारण पूछा और जानकारी जुटाई। उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर शहर के सबसे व्यस्त और भीड़भाड़ वाले इलाकों में भ्रमण कर लोगों से पूछताछ की जा रही है।

---

## खेत पड़े सूखे, नहरों से नहीं मिला पानी, बिजली भी दे रही धोखा

# समस्या : बिजली कटौती होने से सिंचाई करना मुश्किल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

तहसील क्षेत्र में इन दिनों बिजली कटौती ने किसानों को भी संकट में डाल दिया है। क्षेत्र में अन्नदाताओं को बिजली कंपनी द्वारा निर्धारित 10 घंटे सप्लाई नहीं हो पा रही है। जिससे किसानों के खेत में पलेवा और फसलों की सिंचाई के लिए बिजली नहीं मिल पा रही है। वहीं क्षेत्र की नहरें भी सूखी पड़ी हैं।

जिले की तहसील रायसेन क्षेत्र के ग्राम कौड़ी बारला, माखनी, गिरवर, सलामतपुर, आमखेड़ा, सांची, बिल्हौरी, ऊंचेर, गुलगांव, बांसखेड़ा, मढ़ा-मढ़वाई, ऐरन के किसानों ने बताया कि हमारे गांव में कृषि फीडर से पर्याप्त बिजली सप्लाई नहीं हो रही है। हर दिन बिजली कटौती की जाती है। जिससे एक सप्ताह में भी खेतों में पलेवा पूरा नहीं हो पाया है। वहीं क्षेत्र के किसानों को हलाली डैम से सिंचाई के लिए पानी मिलता है। लेकिन नहरों की सफाई नहीं हो पाई है और छोड़े गए पानी का स्तर भी कम है, जिससे टेल क्षेत्र में अब भी पानी पहुंचने में समय लग रहा है।



जिले में अधिकांश जगह खेतों से मक्का और धान , गन्ना अन्य फसलों की कटाई हो चुकी है तो कुछ क्षेत्रों में अभी धान फसल कटाई का दौर चल रहा है। जहां फसल की कटाई हो चुकी है वहां किसान गेहूं, चना अन्य दलहनी फसलों की बोवनी करने की तैयारी में जुट गए हैं। कहीं-कहीं फसल बोकर किसान सिंचाई के लिए नहर से पानी मिलने की आस में बैठे हैं, तो वहीं बिजली कटौती होने से किसान रात-रात भर खेतों में पानी देने परेशानी उठा रहे हैं। पानी और बिजली की उपलब्धता चुनौती बन रही है। सबसे अधिक समस्या जिले के सबसे प्रमुख कृषि क्षेत्र सांची विकासखंड के ग्रामीण क्षेत्र में बनीं हुई है। क्योंकि यहां नहरों से अधिकांश किसानों के खेतों की सिंचाई होती है, लेकिन वहां पर अभी तक नहरों की सफाई पूरी नहीं हो सकी है। इस कारण नहरों में पानी नहीं पहुंचा है। इससे किसान खेत में पलेवा नहीं कर पा रहे हैं। कमोवेश कुछ ऐसे ही हालात मिनी पंजाब कहे जाने वाले पेमत सर्किल के गांवों में ऐसे हालात बांध की नहरों से जुड़े खेतों के बने हैं।

वहीं जिन किसानों के पास स्वयं के ट्यूबवेल हैं, वे पलेवा करने में जुटे हुए हैं। लेकिन पर्याप्त बिजली नहीं मिल पा रही है। हालांकि बिजली कंपनी द्वारा कृषि कार्य के लिए 10 घंटा लाइट सप्लाई का शेड्यूल बनाया है। कंपनी के अधिकारी 10 घंटे बिजली सप्लाई का दावा कर रहे हैं, लेकिन हकीकत कुछ अलग ही है।

#### इनका कहना है

खेतों में बिजली सप्लाई के लिए नया शेड्यूल बनाया है। जिसमें 10 घंटे नियमित बिजली सप्लाई देने का नियम है। बिजली लाइन में फाल्ट आ जाने से सप्लाई में थोड़ा विलंब होता है।

**- एसके पटेल,** जेई ग्रामीण बिजली कंपनी।